हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 27 दिसंबर 2023



हरिभूमि
पाठक पुरस्कार
योजना-2023
सामान्य कूपन
27 दिसंबर 2023
कूपन नं.
16

## खबर संक्षेप

### आरोपी से शराब बरामद

**खैरागढ़।** अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में की जा रही धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ कर 35 शराब बरामद किया है।

एसपी सुश्री अंकिता शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लालचंद मोहले के निर्देशन एवं थाना प्रभारी खैरागढ़ राजेश देवदास के नेतृत्व मे थाना खैरागढ़ में अवैध शराब एवं जुआ सट्टा के विरूद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 25 दिसंबर को पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वाले कोचियो के विरूद्ध अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने कि सूचना पर थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा टीम बनाकर मौके ग्राम डुण्डा पर घेरा बंदी कर रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई में आरोपी मनोज यादव उम्र 23 साल साकिन डुण्डा को अवैध शराब बिक्री हेतु रखे ग्राम डूण्डा में पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 3.600 एमएल शराब कीमती 2,800 को जप्त किया गया।

पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया।

# बोनस से खिले चेहरे: खाते में राशि आते ही बैंकों में उमड़ी किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले आठ साल से बकाया दो साल के बोनस का इंतजार कर रहे लाखों किसानों की उम्मीदें अब पूरी हो गई है। राज्य शासन द्वारा सीधे खातों में बोनस की राशि डाले जाने के दूसरे दिन मंगलवार को किसानों की भीड़ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में उमड़ी। बैंक से राशि निकालने के लिए सुबह से बैंक में लंबी लाइन लगी रही। किसानों की भीड़ के कारण बैंक प्रबंधन को भी अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 और 2015 में तत्कालीन भाजपा सरकार द्वारा धान खरीदी में प्रति क्विंटल तीन सौ रुपए का बोनस नहीं दिया गया था।

## बोनस के रुप में जिले में 1.78 लाख किसानों के खाते में आए 235 करोड़ रुपए

### बाजार में लौटेगी रौनक

*दीपावली त्यौहार के निपटने के बाद से बाजार में रौनक गायब है। किसानों को आठ साल पहले बेचे गए धान का बोनस मिलने से अब व्यापारियों को उम्मीद है कि बाजार में शीघ्र रौनक लौटेगी। जनवरी माह के शुरू होने के साथ ही वैवाहिक सीजन भी शुरू हो जाएंगे, वहीं किसान रबी फसल की तैयारियों को लेकर खाद और बीज की खरीदारी में व्यस्त हो जाएंगे।*



### अब एकमुश्त का इंतजार

बैंक में बोनस की राशि निकालने पहुंचे किसान रोहित साहू का कहना है कि उसके खाते में 80 हजार रूपए आए है। सरकार द्वारा वायदा पूरा किए जाने से किसानों में काफी अच्छी प्रतिक्रिया देखी गई। किसानों का कहना है कि सरकार ने 3100 रुपए क्विंटल के दर पर एकमुश्त राशि दिए जाने का वायदा भी किया है। अब उन्हें इस राशि के मिलने का भी इंतजार है।

**पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा :** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में बोनस की राशि निकालने के लिए उमड़ी किसानों की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी यहां सुरक्षा के लिए जवानों को तैनात किया। कोतवाली पुलिस की पेट्रोलिंग टीम भी आज दिनभर बैंक के सामने डटी रही। इसके अलावा पुलिस के जवानों को भी तैनात किया गया है।

किसानों के साथ की गई वादाखिलाफी के कारण ही भाजपा को 2018 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ गया। भाजपा ने 2023 के विस चुनाव में दो साल का बकाया बोनस को 25 दिसंबर को दिए जाने की वायदा किया था।

राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को किसानों के खातों में बकाया बोनस की राशि भेज दी। बोनस की राशि के बैंक खातों में आते ही अब जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीन बैंकों में किसानों की भीड़ उमड़ गई है। मंगलवार को जिलेभर के बैंकों में किसानों की लंबी लाइन देखी गई। हालात यह भी दिखाई दिए कि सुबह सात बजे से ही किसान बैंक के सामने कतार में लग गए थे।

## दर्जनभर केंद्रों में दस फीसदी भी उठाव नहीं, जिले में 70 फीसदी धान जाम

# वनांचल के 27 केंद्रों में बंद रही खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी की प्रक्रिया में लचर परिवहन व्यवस्था को लेकर लगातार सामने आ रही नाराजगी के बाद भी स्थिति सुधरती हुई नजर नहीं आ रही है। वनांचल इलाकों में तो हाल और भी बुरे है, मोहला-मानपुर जिले में आने वाले 27 धान खरीदी केंद्रों में नई खरीदी के लिए स्थान ही नहीं बचा है। सुस्त परिवहन से नाराज होकर मोहला-मानपुर जिले के समिति प्रबंधकों ने मंगलवार को खरीदी ही बंद रखी। धान लेकर पहुंचे किसानों को मायूस होकर वापस ही लौटना पड़ा। जबकि अब भी 40 फीसदी से अधिक किसान धान बेचने के लिए शेष है। मोहला-मानपुर में बनी इस स्थिति के पीछे खरीदी शुरु होने के बाद से अब तक परिवहन की तरफ प्रशासन का ध्यान नहीं देना है। मोहला-मानपुर जिले में अब तक करीब 9 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है, लेकिन हालत यह है कि दो महिने बाद भी इसमें महज पौने तीन लाख क्विंटल धान का ही उठाव हो पाया है। लगभग छह लाख क्विंटल धान अब भी केंद्रों में जाम पड़े हुए है। कुछ उपार्जन केंद्र तो ऐसे भी है जहां एक या दो दफा ही परिवहन हो पाया है। ऐसे में नाराज होकर समिति प्रबंधकों ने खरीदी बंद कर दी है, यहीं हाल राजनांदगांव और खैरागढ़ जिले में भी बन रहें है। आगामी एक सफ्ताह में इन जिलों में उठाव तेज नहीं हुआ तो वहां भी खरीदी बंद होने की नौबत आ सकती है।



### इन केंद्रों का बुरा हाल

मोहला-मानपुर जिले में कुछ केंद्र ऐसे है जहां खरीदी के मुकाबले 10 फीसदी भी उठाव नहीं हो पाया है। इनमें सरकेड़ा जहां अब तक शून्य परिवहन किया गया है, वहीं विचारपुर, रेंगाकठेरा, औंधी, सीतागांव, मटेवा, भोजटोला, एकटकन्हार, चिल्हाटी उपार्जन केंद्र शामिल है। इसके अलावा भी जो शेष उपार्जन केंद्र है वहां पर खरीदी के मुकाबले 50 फीसदी या इससे कम ही उठाव हो पाया है। जिसके चलते पूरे जिले में बफर लिमिट पार की स्थिति बन गई है।

### तारीख बढ़ाए, परिवहन भी करें तेज

इधर अविभाजित राजनांदगांव जिले के समिति प्रबंधक संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास का कहना है कि उनके संघ के द्वारा खरीदी की दिनांक को बढ़ाकर 15 फरवरी तक करने मांग की गई है। इसके अलावा आगामी कुछ दिनों में उठाव की स्थिति नहीं सुधरी तो अविभाजित राजनांदगांव जिले में समिति प्रबंधक खरीदी बंद रखकर अपना विरोध जताने मजबूर होंगे। इनके मुताबिक अविभाजित जिले में 60 फीसदी से अधिक केंद्रों में धान रखने के लिए जगह की किल्लत आ गई है।

# अवैध रूप से बेच रहा था शराब, 1 पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने के आरोपी को पकड़ कर कार्रवाई की है।



उल्लेखनीय है कि शराब की अवैध बिक्री को लेकर लगातार शिकायते सामने आ रही थी, जिसके बाद से ही पुलिस विभाग द्वारा पिछले कुछ दिनों से अवैध नशीले पदार्थ तथा असामजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 24 दिसंबर को ग्राम बोरी में अवैध रूप से शराब विक्रय करने की सूचना पर आरोपी विश्वा उर्फ बादल ताम्रकार पिता शिवा ताम्रकार उम्र 20 साल निवासी ग्राम बोरी पुलिस चौकी चिखली को पकड़कर आरोपी के कब्जे से 17 पौवा जम्मू स्पेशल व्हीस्की अंग्रेजी शराब व 35 पौवा देशी प्लेन की शीशी गोवा स्पेशल अंग्रेजी शराब को जब्त कर आरोपी विश्वा उर्फ बादल ताम्रकार के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। हालांकि अब भी शहरी इलाकों में शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ा अभियान देखने को नहीं मिला है।

## सफर-ए-शहादत...







राजनांदगांव। श्री गुरू गोविंद सिंह जी के चार साहिब जादों की शहादत तथा धर्म की रक्षा हेतु बलिदान व शौर्य को याद करते हुए वीर बाल दिवस मनाया गया। शहर के गुरुद्वारा में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।




## रोमांचक मैच देखने उमड़ी दर्शकों की भीड़

# मारवाड़ी गौड़ ब्राह्मण क्रिकेट लीग: शर्मा योद्धा को एक रन से हराकर पंचोली ब्रदर्स ने जीता खिताब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मारवाड़ी गौड़ ब्राम्हण समाज द्वारा आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब पंचोली ब्रदर्स ने शर्मा योद्धा को पराजय कर जीत लिया। रोमांचक व संघर्षपूर्ण फायनल मैच में शर्मा योद्धा को 1 रन से पराजित करते हुए पंचोली ब्रदर्स ने यह जीत हासिल की। प्रतियोगिता में सत्यम शर्मा को मैन ऑफ द सीरिज का खिताब दिया गया।

समापन अवसर पर पुरुस्कार वितरण भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, कचरु शर्मा, समाज के अध्यक्ष मातादीन शर्मा, गिरधारी पंचोली, अशोक पंचोली, श्रीकिशन जोशी, घनश्याम शर्मा, अशोक पंडया, गणेश प्रसाद शर्मा, डा. मिथलेश शर्मा, जुगल किशोर हट्टिका, जितेन्द्र शर्मा, राजकुमार शर्मा ,अभिषेक शर्मा, शिवशंकर जोशी, दशरथ शर्मा, महेश शर्मा, राकेश शर्मा, महिला मंडल की ममता शर्मा, मौसमी शर्मा, नेहा शर्मा, सुमित्रा शर्मा सहित समाज के वरिष्ठजन, नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के साथ ही आयोजन में सम्मिलित सभी खिलाड़ी उपस्थित रहे।





### खिलाड़ियों पर हुई पुरस्कारों की बौछार

प्रतियोगिता में विजेता टीम पंचोली ब्रदर्स को स्व.राजकुमार शर्मा की स्मृति में राकेश शर्मा द्वारा प्रदत्त ट्राफी एवं 5100 रुपए नगद, उपविजेता टीम को 3100 रुपए नगद व कप दिया गया। मैन आफ द मैच और प्लेयर आफ द टूर्नामेंट का पुरुस्कार सत्यम शर्मा को दिया गया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज शर्मा योद्धा के प्रशांत शर्मा, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज आयुष शर्मा, बेस्ट फिल्डर अभिषेक जोशी, फायनल मैच के मैन आफ द मैच व प्लेयर आफ द टूर्नामेंट सत्यम शर्मा को आईडीबीआई बैंक द्वारा 1501 व 1001 रुपए की नगद राशि से भी शाखा प्रबंधक अभिषेक शर्मा ने पुरुस्कृत किया।

### रोमांचक व संघर्षपूर्ण रहा फायनल मैच

रोमांचक व संघर्षपूर्ण फायनल मैच में पंचोली ब्रदर्स ने स्पर्धा में अजेय रहते हुए शर्मा योद्धा को महज 1 रन से पराजित किया। पंचोली ब्रदर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 39 रन बनाए थे। इसके जवाब में मैदान में उतरी शर्मा योद्धा की टीम आदित्य शर्मा 26 रन के शानदार बल्लेबाजी के चलते जीत के करीब तक पहुंच गई थी। लेकिन मैच 1 रन से हार गई। जिसमें सत्यम शर्मा ने 2 ओवर दोनों मेडन ओवर फेंकते हुए 1 विकेट भी लिया। वहीं शर्मा योद्धा के भावेश शर्मा ने 3 विकेट व नितेश ने 2 विकेट लिया।

### किसानों के लिए खुशियों की बरसात लेकर आया सुशासन दिवस, राज्य सरकार ने निभाया अपना वादा

# मिला धान का बकाया बोनस, खिलखिलाए किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हर गांरटी को पूरा करने के साथ प्रदेश सरकार अपने चुनावी वादे को पूरा करने के साथ रूके विकास को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगी। यह बातें पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने उपज मंडी में आयोजित सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होने बेरोजगारी भत्ता, युवाओं को सरकारी नौकरी, अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश, महतारी वंदन, आवास योजना पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के आरंभ में भारत माता एवं स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में हरविंदर सिंग मंगे, शशिकांत द्विवेदी, प्रदीप बाघ, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, किरण साहू, सावित्री द्विवेदी, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना ने किसानों को बोनस राशि का प्रमाण पत्र प्रदान किया। इनायत अली ने बताया कि विकासखंड के 27188 किसानों को 37 करोड़ 92 लाख 1660 रूपए उनके खातों में जमा किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम हितेश्वरी बागे, सहकारिता सीईओ लोकनाथ महेश्वरी, तहसीलदार मुकेश ठाकुर, जनपद सीईओ दिव्या ठाकुर, तहसीलदार विजय साहू, जिला सहकारी बैंक मैनेजर डीपी नागपुरे, बीएस चंद्रवंशी, कुलेश्वर सिंह, रामकुमार यादव, पंचराम कोसा, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, कुलवंत कक्कड़, अमित जैन, संतुराव, महेन्द्र अग्रवाल, रामकृष्ण कन्नौजिया, ज्योति बडवाईक, तुलसी मिश्रा, प्रकाश चौरड़िया, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, सुनील जैन, राकेश अग्रवाल, हरीश मोटघरे, रमन डोंगरे, बिरेन्द्र सोनी, विजेन्द्र ठाकुर, सौमित्र सोनी, परविंदर सिंग मोंटी, अमित छाबड़ा, शिवा यादव, विनित यादव, एडिकेश राव, सविता दरगढ़, लक्ष्मी यादव, अब्दुला खान सहित अन्य उपस्थित थे।



#### अस्पताल में फल वितरण

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर शहर भाजपा ने शासकीय अस्पताल में फल वितरण कर मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। कार्यकर्ताओं ने सर्वप्रथम स्व. बाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, अमित जैन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेन्द्र सिंग बन्नौआना, रामकृष्ण कन्नौजिया, संतु राव, अमित छाबडा, राकेश अग्रवाल, सिद्धगोपाल नरेडी, महेन्द्र अग्रवाल, ज्योति बडवाईक, तुलसी मिश्रा, द्वारका शर्मा, राजेश गजभिये, राकेश रजक, डी एकेश राव, अमन जनबंधु, विनित यादव, अयश खांडेकर, ईश्वर साहू, हरिश मोटघरे, जय देवांगन, परविंदर सिंग मोंटी, शिवा यादव, मुकुंद कंडरा, अमित बोस, बिरेद्र सोनी, सुनीज जैन, प्रकाश चौरड़िया, मयंक डोंगरे, रमन डोंगरे, पंकज अग्रवाल आदि मौजूद थे।

#### विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत



विकासखंड की विभिन्न पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। बिलहरी, खुर्सीपार, सेम्हरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला भाजपा उपाध्यक्ष मूलचंद लोधी के नेतृत्व में जयपाल सिन्हा, रामचरण वर्मा, पारस वर्मा, तेजलाल वर्मा, विशेश्वर वर्मा जयराम सिन्हा, भोजराज, अशोक वर्मा, अरुण वर्मा, मनोहर सिंन्हा आदि शामिल हुए।जनवद सीईओ दिव्या ठाकुर ने विभागों की जानकारी दी। श्री लोधी ने विकसित भारत के लिए शपथ दिलाया। पर्यावरण संरक्षण संरक्षण व जैविक कृषि को बढ़ावा देने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति स्व सहायता समूह के सदस्यों ने दी। श्री लोधी ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किया। इस मौके पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर विभागीय जानकारी दी।

#### झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**छुईखदान।** सोमवार को पूरे प्रदेश में सुशासन दिवस मनाया गया। नगर पंचायत छुईखदान ने शहीद गार्डन के सामने कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी रेणुका रात्रे, तहसीलदार प्रीतम चौहान, जनपद पंचायत के सीईओ जेएस राजपुत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल नारायण जंघेल, प्राचार्य हिरांतक द्विवेदी सहित नगर पंचायत के पार्षद, भाजपा नेता शामिल हुए। कार्यक्रम मेँ एसडीएम रेणुका रात्रे ने कहा कि स्वच्छता को लेकर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। सुशासन दिवस के कार्यक्रम में स्थानीय शहीद गार्डन के सामने पूर्व प्रधानमंत्री और छत्तीसगढ़ के निर्माता स्व.अटल बिहारी बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया गया।

#### स्वच्छता का संकल्प

नगर पंचायत छुईखदान के आयोजन में अनुविभागीय अधिकारी रेणुका रात्रे, तहसीलदार मंडावी, जनपद पंचायत के सीईओ जेएस राजपुत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमल नारायण जंघेल, प्राचार्य हिरांतक द्विवेदी ने गार्डन के सामने झाड़ु लगााकर स्वच्छता का प्रचार किया। कार्यक्रम में अधिकारी- कर्मचारियों के अलावा भाजपा पार्षद अनुभा जैन, दिपाली जैन, पन्ना मण्डावी, पार्षद प्रेमपाल सिंह, प्रेम नारायण चन्द्राकर, राज लक्ष्मी पंसारी उपस्थित थे।बाजार लाईन स्थित मंगल भवन में नगर पंचायत ने निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिया में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आए छात्र छात्राओं को नगर पंचायत ने पुरस्कृत किया।

#### प्रमाण पत्र का वितरण



**छुरिया।** शिकारीमहका में सुशासन दिवस के अवसर पर बोनस वितरण किया गया। सोसायटी में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता जगजीत सिंह भाटिया थे। अध्यक्षता कुंदन बडोले ने की। विशेष अतिथि कुंजल चंद्रवंशी, नेतराम सिन्हा थे। कार्यक्रम की शुरुवात में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर श्री भाटिया ने ग्रामीणों को संबोधित किया। कार्यक्रम में सरपंच मीना कुंजाम, मनी राम सिन्हा, संदीप साहू, घनाराम सिन्हा, बैसाखू सिन्हा, नेमीचंद, राजेश मोंगरे, सीताराम साहू आदि उपस्थित थे।

#### नागरिकों ने लिया सेवा का संकल्प

**डोंगरगांव।** विकसित छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर पुराना बस स्टैण्ड में संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए। सुशासन दिवस के अवसर पर झडा चौक में छत्तीसगढ़ महतारी, पूर्व प्रधानमंत्री श्री बाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्जवलित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पूर्व जिपं अध्यक्ष दिनेश गांधी ने सभी को सत्य एवं निष्ठा से देशसेवा का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में पूर्व नपं अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, स्वरूपचंद जैन, एसडीएम अश्वन पुसाम, तहसीलदार पीएल नाग, सीएमओ डीएस पाल, सीईओ जनपद नवीन कुमार, एसीईओ होरीलाल साहू सहित अन्य उपस्थित थे।



#### दी योजनाओं की जानकारी

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत गिरगांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सरकारी विभागों ने स्टॉल लगाए थे। भारत सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों से सभी योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारी कर्मचारियों को संचालित योजनाओं को जन जन तक पहुंचाकर पात्रों को लाभ देने कहा। इस दौरान मंडल भाजपा अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, धनराज ठाकुर, गुलशन हिरवानी, योगेश पटेल, लल्ला यदु, जनपद सदस्य राजू यादव, सरपंच कुमान नेताम, चिमन कोमरे, संतकुमार सेवता, थनवार सिन्हा, कुसुम साहू, भुवन साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मंडई और जयंती कार्यक्रम 28 को

**पटेवा।** मासूल में आगामी 28 दिसंबर को मंडई मेला एवं गुरु घासीदास जयंती का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए लोक रागिनी भिलाई का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजक समिति के सदस्यों ने बताया कि दोपहर 1बजे से गुरु घासीदास की भव्य शोभायात्रा पंथी नृत्य के साथ निकाली जाएगी। जैतखाम पर श्वेत ध्वज फहराया जाएगा।

### बस ने बाईक सवार को रौंदा



**साल्हेवारा।** हैदराबाद से रेंगाखार जा रही बस ने नचनिया के पास एक बाईक सवार को अपनी चपेट में लिया जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बस क्रमांक एमपी 13 पी 7999 के चालक से बाईक क्रमांक सीजी 08 एजे 7057 को ठोकर मार दिया। इस हादसे मे बाईक चालक संजय मेरावी की मौके पर मौत हो गई। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### स्पर्धा में शामिल हुए बच्चे



**साल्हेवारा।** उप जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन कुम्ही में किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच राजेंद्र कुमार मेरावी थे। कार्यक्रम में अमर सिंह मरकाम, संतोष यादव, टेकलाल श्रीवास आदि शामिल हुए। जोन स्तरीय खेलकूद में संकुल बकरकट्टा, कुम्हरवाड़ा, कोपरो, देवरच्चा की प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया।

### खेल स्पर्धा का आयोजन



**डोंगरगढ़।** .दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाई स्कूल में वार्षिक क्रीडा उत्सव का आयोजन किया। शुभारंभ खेल प्रभारी मिलेन्द्र टेंभुरकर ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के तहत 100, 200, 400 मीटर, मेंढक दौड़, बोरा दौड़, लंबी कूद, गोला फेंक आदि का आयोजन किया गया। अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शिक्षक जीपी खैरवार, शरद यादव, दुर्गेश, भीमटे, बाबीनवाला, रानू सिन्हा, साक्षी,चेमिन सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### वीर बालकों की शहादत को नमन



**डोंगरगढ़।** श्री गोविंद सिंग महाराज के साहिबजादों के बलिदान दिवस के अवसर पर स्थानीय सिक्ख समुदाय ने उनकी शहादत को नमन करते हुए पैदल मार्च निकाला। श्री गुरूसिंग सभा के तत्वावधान में निकली पैदल यात्रा में सिक्ख समुदाय के सभी लोग शाामिल हुए। गुरूद्वारा से निकली शोभायात्रा रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तभ चौक, गोल बाजार, जैन मंदिर, पुराना अस्पताल चौक होते हुए पुनः गुरूद्वारा पहुंची। शोभायात्रा में सांसद संतोष पांडे, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष तरूण हथेल, बिरेन्द्र अग्रवाल, सिद्धगोपाल नरेडी, ज्योति बडवाईक, हरीश भंडारी, मतीन खान, विनित यादव, बम्लेश्वरी ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, प्रकाश यादव, अनिल यादव सहित अन्य शामिल हुए।

### मंडई मेला 30 को

**घुमका।** छोटे बिरेझर में आगामी 30 दिसंबर क्रो मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में सपना क्रे सोना चिरैया सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।

आयोजक समिति क्रे अध्यक्ष सत्यम बघेल ने बताया कि नवयुवक सतनाम समिति और ग्रामीणों के सहयोग से यह आयोजन किया जाता है। उपाध्यक्ष मुकेश बारले ने बताया कि अतिथि के रूप में विधायक हर्षिता बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, सरपंच पार्वती साहू, भुनेश्वर बारले आदि शामिल होंगे। यह जानकारी खेदूराम बघेल ने दी।

### फिर चन्द्रगिरि पहुंचे जैनाचार्य विद्यासागर

**डोंगरगढ़।** चातुर्मास के बाद राज्य के तिल्दा नेवरा में आयोजित पंच कल्याणक महोत्सव में शामिल होने के बाद संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर जी महाराज का ससंघ मंगलवार को चंद्रगिरि तीर्थ में पुनः आगमन हुआ। चन्द्रगिरि तीर्थ से बिहार होने के बाद से उनके पुनः आगमन की प्रतीक्षा कर रहे जैन समाज, नव युवक मंडल, महिला मंडल, बाल मंडल, चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति, हाथकरघा के कर्मचारी एवं प्रतिभास्थाली के बच्चे, ब्रह्मचारिणी दीदियों ने बैंड बाजे, भक्ति के साथ स्वागत अभिनंदन किया। जैन समाज की बहुओं ने अपने घरों के सामने एवं प्रवेश मार्ग पर सुन्दर रंगोली बनाया एवं गुरु जी का आरती, श्रीफल आदि से स्वागत किया। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ तिल्दा नेवरा से लगभग 160 किलोमीटर पद विहार कर रायपुर, भिलाई, दुर्ग, राजनांदगांव होते हुए चंद्रगिरी पहुंचे।



### विकसित भारत की दिलाया शपथ

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में विकसित भारत अभियान के नोडल अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने छात्र-छात्राओं को शपथ ग्रहण कराया। विकसित भारत अभियान की वेबसाईट में जा कर विकसित भारत के लिए अपने सुझाव देने के बारे में जानकारी दी। भारत सरकार ने देश को विकसित करने के लिए प्रश्नों के माध्यम से युवाओं से सुझाव मांगा है। सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर सोनाली लोया, अविनाश सिंह, ऋचा अग्रवाल, वासुदेव साहू, प्रभात बैस, गौरव तिवारी आदि उपस्थित थे।



## पं. मिश्रा जून में करेंगे कथा वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा का कार्यक्रम नगर में अगले साल 19 जून से 25 जून तक होने वाला है। इस अवधि में पंडित श्री मिश्रा शिवमहापुराण की कथा सुनाएंगे। यह आयोजन गोयल परिवार और नगरवासियों के सहयोग से करवाया जा रहा है। इस आयोजन में उमड़ने वाली लाखों की भीड़ को देखते हुए व्यापक प्रबंध करने का खाका तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जा रहा है। सोमवार को गोंडवाना मैदान जहां शिवमहापुराण कार्यक्रम होना है में बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इस बैठक में अब प्रत्येक सोमवार को सुबह 10 बजे से नियमित बैठक करने का निर्णय लिया गया ताकि विस्तृत कार्ययोजना बनाया जा सके। बैठक में कुछ दानदाताओ में कार्यक्रम के दौरान कुछ व्यवस्था करने की इच्छा जाहिर किया।

हरिभूमि पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## नागपुर जाएंगे कांग्रेस के 3 हजार कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

आगामी 28 दिसंबर को कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस नागपुर में राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों के कार्यकर्ता शामिल होंगे।स्थानीय विश्राम गृह मेँ आयोजित प्रेसवार्ता मेँ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महा सचिव सारिक रईस खान और खैरागढ़ विधानसभा के प्रभारी प्रदीप शर्मा ने पत्रकार वार्ता लेकर उक्ताशय की जानकारी दी। श्री खान ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस का यह आयोजन चुनाव का आगाज है।उन्होंने बताया कि देश भर के लाखों कार्यकर्ता नागपुर पहुंचेंगे। नागपुर की यह रैली लोकसभा चुनाव का शंखनाद होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पूरा देश महंगाई की चपेट में है। बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा के बढ़ते मामले भाजपा सरकार की विफलता को उजागर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई मेँ कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पार्टी सदैव जन हित में मुखर रही है। इस दौरान जिला इंका अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल, भीखम छाजेड, आकाशदीप सिंह, धीरज मेश्राम, मतीन खान, निज़ाम कादरी सहित अन्य उपस्थित थे।

### रामायण स्पर्धा 6 से

**खुज्जी।** ग्राम पंचायत भटगुना में प्रगतिशील मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों ने आगामी 6 एवं 7 जनवरी को रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रखा है। आयोजन समिति के सदस्य कमल साहू, सोमन साहू, संतोष साहू, शिव साहू, प्रदीप साहू, अजय साहू, गुलशन सोनकर, आर्यन साहू, केदार निषाद, कैलाश साहू हैं।

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन मॉर्गेज लोन
LOW PROCESSING FEE
ITR फाईल करने का अंतिम अवसर 31 दिसम्बर तक
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: कटोरा तालाब स्वप्निल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर: मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नसों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पांव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### अक्षत कलश की शोभायात्रा आज

**डोंगरगांव।** श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए अयोध्या धाम से पूजित अक्षत कलश की भव्य कलश यात्रा कल नगर में निकाली जाएगी। स्थानीय दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर से दोपहर 12 बजे कलश यात्रा आरंभ होगी जो नगर के विभिन्न मार्गों, मोहल्लों का भ्रमण करने के बाद स्थानीय साकेत धाम में पहुंचेगी। यहां कलशों की स्थापना और महाआरती की जाएगी। उल्लेखनीय है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह होने वाला है, जिसके लिए श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आव्हान पर प्रत्येक गांवों में आमंत्रण देने 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अभियान चलेगा। इसी कड़ी में कल 27 दिसंबर को अक्षत कलश की शोभायात्रा निकाला जाएगा। शोभायात्रा से पूर्व अयोध्या से आए 15 अक्षत कलश का 15 जोड़ों द्वारा पूजन अर्चना किया जाएगा। शोभायात्रा के बाद विभिन्न मंदिरों में अक्षत कलश की स्थापना की जाएगी। आयोजन समिति ने कलश यात्रा में सभी से शामिल होने का आग्रह किया है।

### टाटेकसा मंडई आज

**टाटेकसा।** ग्राम में 27 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में जय गंगा मैय्या छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी कुही खुर्द का मंचन होगा। यह जानकारी नारायण साहू, प्रताप कंवर ने दी।

### मंडई मेला आज

**जेवरतला रोड।** चेंदरीबन नवागाँव में आगामी 27 दिसंबर को मंड़ई मेला का आयोजन किया गया है। ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रात्रि में गोपी किशन छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम चरोटा अंगारी वालों की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी पुरेन्द्र कुमार साहू ने दी।

### भटगुना में रामायण प्रतियोगिता 6 से

**खुज्जी।** ग्राम पंचायत भटगुना में



प्रगतिशील मानस प्रचार समिति एवं ग्रामवासियों ने आगामी 6 एवं 7 जनवरी को रामायण प्रतियोगिता का आयोजन रखा है। आयोजन समिति के सदस्य कमल साहू, सोमन साहू, संतोष साहू, शिव साहू, प्रदीप साहू, अजय साहू, गुलशन सोनकर, आर्यन साहू, केदार निषाद, कैलाश साहू हैं।

## निधन

### देवचरण प्रसाद पाण्डेय

**राजनांदगांव।** शांतिनगर वार्ड नं.



10 निवासी 72 वर्षीय देवचरण प्रसाद पाण्डेय का निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। श्री पाण्डेय अपने पीछे पत्नी राजकुमारी पाण्डेय एवं पुत्री रानी मिश्रा सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। स्व. श्री पाण्डेय लोक निर्माण विभाग राजनांदगांव के सेवानिवृत्त टाईम कीपर थे।

---

### अटल जयंती में अतिथि न बनाए जाने को लेकर दर्ज कराई थी आपत्ति

# हटाए गए अजय, संगठन ने रूपेंद्र को बनाया नेता प्रतिपक्ष

**जिला अध्यक्ष घम्मन साहू ने की कार्रवाई, प्रोटोकाल उल्लंघन का लगाया था आरोप**

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सोमवार देर रात नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष अजय जैन को हटा दिया गया है। जिला अध्यक्ष घम्मन साहू ने कार्यवाही की है। उनकी जगह में वार्ड क्रमांक 11 के भाजपा पार्षद रूपेंद्र रजक को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। दोनों आदेश जिला अध्यक्ष साहू ने जारी किए। दरअसल, सोमवार को अटल की जयंती के अवसर पर पालिका में कार्यक्रम आयोजित था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह मौजूद थे। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र वर्मा को करनी थी, लेकिन विरोध स्वरूप वो नहीं पहुंचें। विशिष्ट अतिथि के रूप में। मंडल भाजपा अध्यक्ष विनय देवांगन,पूर्व पालिका उपाध्यक्ष और पार्टी के महामंत्री रामाधार रजक,पार्षद पति विकेश गुप्ता,पार्षद पति कमलेश कोठले मौजूद थे।

कार्यक्रम के पहले नेता प्रतिपक्ष अजय व सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता ने आमंत्रण में उनका नाम न होने पर सीएमओ से नाराजगी जाहिर की। जिसके बाद देर रात नेता प्रतिपक्ष अजय जैन को हटा दिया गया।

#### नहीं किया प्रोटोकॉल का पालन

सीएमओ को सौंपे ज्ञापन में कांग्रेस ने शासन स्तर पर आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा को अतिथि नही बनाए जाने, प्रोटोकाल का पालन नही करने, विधायक की उपेक्षा और अपमान करने का आरोप लगाते कहा कि पालिका प्रशासन जनता की प्रतिनिधि को भूलकर मनमानी कर रही है। कांग्रेसियों ने कहा कि भविष्य में दूबारा ऐसी कारवाई की गई तो कांग्रेस सड़क की लड़ाई लड़ने बाध्य होगी।

#### पार्षद पतियों को बनाया अतिथि

मामले को लेकर भाजपा कांग्रेस में सीधे तौर पर अतिथि बनाए जाने को लेकर सबसे ज्यादा नाराजगी दिखी। विधायक यशोदा वर्मा सहित पालिका में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त राकेश गुप्ता को छोड़ पालिका प्रशासन ने पूर्व पार्षदों सहित महिला पार्षद के पतियों को बकायदा अतिथि बनाकर आमंत्रण कार्ड छपवाया था। इसके चलते कांग्रेस ने नाराजगी जताते प्रदर्शन कर दिया। मामले को लेकर भाजपा में भी नाराजगी सामने आई है।


नेता प्रतिपक्ष और सांसद प्रतिनिधि को भी आमंत्रित करना भूले अफसर
सुशासन दिवस के आयोजन में नगर पालिका ने नहीं दिया विधायक को न्योता
प्रोटोकाल का उल्लंघन
कलेक्टर से की शिकायत
उपेक्षा पर जताई नाराजगी




#### सांसद प्रतिनिधि को भूले, भाजपाई नाराज

इधर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन के बाद भाजपा में भी कार्यक्रम के लिए छपाए गए आमंत्रण कार्ड को लेकर बड़ी नाराजगी दिखी। नगर पालिका में सांसद प्रतिनिधि नियुक्त राकेश गुप्ता का नाम भी अतिथियों में छोड़ दिया गया। इसके बाद कई भाजपाईयों ने इसका विरोध जताया। कार्यक्रम शुरू होने के पूर्व सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता भी नगर पालिका पहुंचे और इस तरह के मनमाफिक तरीके से आमंत्रण छपवाए जाने, जनप्रतिनिधियों को दूर रखने पर अपनी नाराजगी जताई। गुप्ता ने भी इसे पालिका प्रशासन की मनमानी बताते कहा कि सरकार बदलने के बाद भी पालिका की कार्यप्रणाली नही सुधर पाई है।

#### कांग्रेस ने दिया धरना

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद पहले नगरपालिका में आयोजित पहले ही सार्वजनिक कार्यक्रम में बवाल मच गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में विधायक यशोदा वर्मा को अतिथि नही बनाए जाने को लेकर कांग्रेसियों ने नगरपालिका प्रशासन के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया। नारेबाजी करते कार्यक्रम के बीच में ही नगर पालिका का घेराव कर पालिका प्रशासन पर भाजपाइयों के पक्ष में कार्य करने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेसी जूटे और जमकर नारेबाजी कर पालिका सीएमओ प्रमोद शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। घेराव और नारेबाजी के दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, ग्रामीण अध्यक्ष आकाशदीप सिंह, पालिका उपाध्यक्ष रज्जाक खान, पूर्व पार्षद मनराखन देवांगन, पालिका सभापति दीपक देवांगन, शत्रूहन धृतलहरे, दीलिप लहरे, सुमन पटेल, सुमित टांडिया, जितेन्द्र राजपूत, पुरूषोत्तम वर्मा, राधे पटेल, सूर्यकांत यादव, यतेन्द्र जीत सिंह, समीर कुरैशी, भरत चंद्राकर, पूरन सारथी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे।

#### जानबूझकर की गलती

शासकीय कार्यक्रम में विधायक को जानबूझकर अतिथि नहीं बनाना पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली को दिखाता है। प्रशासन दबाव में काम करना शुरू कर चुका है।

- **मनराखन देवांगन,** पूर्व पार्षद कांग्रेस

#### नहीं हुई लापरवाही

स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में शहर स्तर के पदाधिकारियों को अतिथि बनाया गया था। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं की गई। प्रोटोकाल का भी पूरा पालन किया गया।

- **प्रमोद शुक्ला,** सीएमओ नपा

#### साथ निभाउंगा

जिला अध्यक्ष ने जो भी निर्णय लिया है। सोंच समझकर लिया होगा। रूपेंद्र रजक मेरे साथी पार्षद हैं। उनका साथ निभाउंगा। मुझे इस विषय में कुछ नहीं कहना है। उचित स्थान पर अपनी बात रखूंगा।

- **अजय जैन,** पूर्व नेताप्रतिपक्ष, नपा

#### दर्ज की आपत्ति

आपत्ति आमंत्रण में नाम न होने को लेकर थी, सीएमओ के समक्ष आपत्ति दर्ज कराई गई है।

- **राकेश गुप्ता**
सांसद प्रतिनिधि नपा

---

# सरकारी कामों में खप रही चोरी की मुरूम



- अवैध खनन से जगह जगह हुए गहरे गड्ढे
- दुर्घटना की आशंका

सज्जाक खान ⏭ छुईखदान

छुईखदान ब्लाक में खनिज का खुलेआम अवैध उत्खनन किया जा रहा है। ग्रामीणों के शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं की जा रही है। गाड़ी मालिक कार्रवाई से बचने के लिए रात के अंधेरे में अवैध उत्खनन कर रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग के अधिकांश कार्य ठेका से होते हैं। ठेकेदार को मटेरियल के बदले प्रशासन द्वारा भुगतान किया जाता है। ठेकेदार को मटेरियल परिवहन से लेकर डालने का भुगतान मिलता है। ठेकेदार को खनिज विभाग से प्रमाणित स्थान से ही मटेरियल लाकर डालना होता है लेकिन ठेकेदारों द्वारा अवैध उत्खनन कर मटेरियल की आपूर्ति किया जा रहा है जिसके कारण जगह जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं जिन्हे खुला छोड़ दिया जा रहा है। मुरूम का अवैध उत्खनन कर उसका उपयोग नहर लाईनिंग में किया जा रहा है।

#### सरकारी कामों में अवैध मटेरियल

इस क्षेत्र में चल रहे शासकीय कार्यों में अवैध मुरुम का उपयोग किया जा रहा है जिसे लेकर कार्रवाई नहीं हो रही है जिससे अवैध खनन करने वालों के हौसले बढ़े हुए है। पता चला है कि पिछले दिनों कार्रवाई होने से अवैध उत्खनन पर कुछ अंकुश लगा था लेकिन पिछले सप्ताह से अवैध उत्खनन करने वालों ने हद पार कर दिया है और कार्यालयों सामने से खनिज का परिवहन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। अवैध मटेरियल को शासकीय कार्यों में खपाया जा रहा है। जगह जगह मुरूम की खुदाई करने से गहरे गड्ढे हो गए हैं जिससे दुर्घटना होने की आशंका है।

#### सिंचाई विभाग के अधिकारी मौन

सिंचाई विभाग के अधिकारी ठेका देने के बाद चुप्पी साध लेते है जिसे लेकर लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। आने वाले दिनों में लोगों का गुस्सा आंदोलन का रुप धारण कर सकता है। लगातार अवैध खनन होने के बाद भी खनिज विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं करना समझ से परे है। पता चला है कि पिपरिया जलाशय और जंगल के तरफ से डम्फर से मुरुम लाकर मेन केनाल में डाला जा रहा है जबकि पुरे जिले में एक भी मुरुम खदान नहीं है।



### भागवत कथा सुनने उमड़ रही भीड़

**सड़क अतरिया।** छुईखदान ब्लाक के ग्राम पंचायत मुरई में अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक प्राची देवी की भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। 21 दिसम्बर को कथा का भव्य शुभारंभ, जो अगामी 29 दिसम्बर तक चलेगी। कथा का रसपान करने प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

---

## नाबालिग को भगा ले जाने वाला पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नाबालिग को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले जाने एवं कुकर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक 24 दिसंबर को मामले की प्रार्थिया ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 दिसंबर को सभी खाना खा कर सो गये रात्रि 2 बजे नींद खुलने पर देखा की प्रार्थी की नाबालिंग पुत्री जो अपनी बड़ी बहन के साथ सोई थी व नहीं थी जिसे बहुत देर तक इंतजार करने पर भी वापस नही आई। सुबह होने पर प्रार्थी ने अपनी बेटी को मोबाईल नंबर पर फोन लगाया तो फोन किसी अविनाश महिपाल ने उठाया और बोला मैं आपके बेटी से प्रेम करता हूँ और भगाकर ले आया हूँ, जिससे आस पास व रिस्तेदारों में पता करने पर कहीं पता नहीं चला कि रिपोर्ट पर आरोपी अविनाश महिपाल के विरुद्ध थाना खैरागढ़ में धारा 363 भारतीय दंड संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया।

#### कुम्हारी में पकड़ाया

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के पुलिस कप्तान सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पांडे, पुलिस अनुभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश देवदास के नेतृत्व में आरोपी की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम गठित किया गया, लगातार तकनीकी शाखा के सहयोग से संदेही मोबाइल नंबरों के मुव्हमेंट पर नजर रखी जा रही थी, इसी कड़ी में 24 दिसंबर को कुम्हारी रायपुर में आरोपी के होने के संभावित स्थान में दबिश देकर आरोपी को पुलिस हिरासत में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ पर आरोपी ने अपने द्वारा घटना दिनांक को पीड़िता को भगाकर ले जाना स्वीकार किया तथा विवेचना में प्रार्थिया पीड़िता ने अपनी धारा 164 सीआरपीसी के कथन में माननीय न्यायालय में दर्ज कराया कि आरोपी द्वारा बहला फुसलाकर शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करता रहा है। जिसके आधार पर आरोपी के विरुद्ध मामला में धारा 366(क), 376(2)(ढ), 323 भारतीय दंड संहिता 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी अविनाश महिपाल पिता भुनेश्वर महिपाल साकिन दामरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश राजेश देवदास, सहायक उप निरीक्षक प्रकाश सोनी, प्रधान आरक्षक गिरीश कुमार निषाद आरक्षक शैलेन्द्र पटेल सिंह, लक्ष्मण साहू, प्रदीप यादव, मणिशंकर वर्मा, विजय कुर्रे महिला धनेश ठाकुर एवं जिला तकनीकी शाखा का विशेष योगदान रहा है।

## बॉक्स क्रिकेट लीग का आयोजन शुरू

**राजनांदगांव।** श्री लोहाणा नवयुवक मंडल के तत्वावधान में मंगलवार से तुलसी व्यापार विहार में स्थित टर्फ में बॉक्स क्रिकेट लीग सीजन 2 का भव्य आयोजन शुरू हुआ।

इसके तहत टर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही है। जिनको समाज के जलाराम स्वीट्स, जलाराम नमकीन, जलाराम कैटरिंग,श्रीजी मोबाइल,सुहाग महल, श्रीनाथ ट्रेडर्स, स्वास्तिक स्पोर्ट्स,जीम लाउंज द्वारा प्रायोजित किया गया है। युवक मंडल अध्यक्ष हिमांशु रायचा के मार्गदर्शन में अक्षय रायचा, हेतल भोजानी, देवेंद्र सेजपाल, परेश रायचा, दिवेश रायचा, शैलेश गणात्रा, विशाल रायचा, राम जोबनपुत्रा, हिमांग कोठारी, हर्षित सोनछात्रा, चयन रायचा, निशांत काथरानी के साथ नवयुवक मंडल के सभी सदस्यों तैयारियों में जुटे रहे।

आज प्रथम दिवस ओपनिंग सेरेमनी के साथ लोहाणा राइडर्स वि.लोहाणा थंडर्स मैच से इसकी शुरुआत हुई। दूसरा मैच लोहाणा फिनिशर्स वि. लोहाणा ब्लास्टर्स के मध्य, तीसरा मैच लोहाणा हिटर्स वि. लोहाणा किंग्स के मध्य तथा चौथा मैच लोहाणा स्मेशर्स वि.लोहाणा वारियर्स के बीच खेले गया। प्रतियोगिता में प्रतिदिन चार मैच खेले जायेंगे तथा फाइनल मैच 29 दिसंबर को खेला जायेगा।

## गुजरात के ग्राम थवा में आयोजित रासेयो शिविर में शामिल हुए छात्र

- प्राकृतिक खेती एवं ग्रामीण शिक्षा शिविर में लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रासेयो इकाई के प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. ओम नारायण वर्मा एवं स्वयंसेवक ईशांत कुमार सुकदेवे, आकाश गुप्ता, रेणुका साहू, केवल देवांगन, एकता रामटेके, कामेश देशमुख, दीप्ति पुजारी, नम्रता पटेल और वंशिका पांडे ने गुजरात के ग्राम थवा में आयोजित प्राकृतिक खेती एवं ग्रामीण शिक्षा शिविर में हिस्सा लिया।

राष्ट्रीय एकता शिविर अंतर्गत प्रतिदिन सुबह योग के बाद कार्यशाला, प्रायोगिक कार्य, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती पर विषय विशेषज्ञ ने अपना व्याख्यान दिया। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में



220 स्वयंसेवक शामिल हुए जो छत्तीसगढ़, उत्तराखण्ड, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, राजस्थान एवं गुजरात के थे। शिविर में देशी गाय के गोबर एवं गौमूत्र से जीवामृत, निमास्त्र, ब्रम्हास्त्र एवं अग्निास्त्र बनाना सिखाया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ के स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया जिसमें उन्होने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, पोस्टर मेकिंग में द्वितीय, वाद-विवाद में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक लोकनृत्य प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

---

### वार्डवासियों संग अभियान में किया श्रमदान

## स्वच्छता अभियान और अलग-अलग आयोजनों में पूर्व सांसद ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सुशासन दिवस, घासीदास जयंती समारोह एवं क्रिसमस पर्व पर मसीही समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन उपस्थित रहे। सर्वप्रथम भारतरत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित वृहद स्वच्छता अभियान में स्थानीय अटल विहार कॉलोनी वार्ड नं.22 राजनांदगॉव में उपस्थित रहकर वार्डवासियों संग स्वच्छता अभियान में श्रमदान किया। दोपहर



में स्थानीय वेसलियन चर्चा, स्टेशन रोड में मसीही समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित रहकर क्रिसमस पर्व की खुशियां बॉटी। यहॉ मुख्य रूप से मसीही समाज के गणमान्य सदस्यगण सुमल लाल, कमल पूजन, पाश्चर रूएल सिंह, पाश्चर जॉन लिविंगस्टोन, पाश्चर डॉक्टर वाल्टर लिविंगस्टोन, संजय लाल सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। तत्पश्चात ग्राम टेडेसरा में सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित दो साल के धान बोनस वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। देर शाम ग्राम इंदावानी एवं कन्हारपुरी वार्ड में पूज्य संत गुरू घासीदास बाबा जी के जयंती कार्यक्रम में पूर्व सांसद मधुसूदन सतनामी समाज के बन्धुओं के बीच उपस्थित रहे और संत शिरोमणि गुरूघासी दास बाबा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर सामाजिक सदस्यों का उत्साहवर्धन किया।

## शासकीय नौकरी के अलावा भी है रोजगार का विकल्प : विप्लव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

टेकापारकला मे आयोजित रासेयो के बौद्धिक सत्र मे जिपं सभापति विप्लव साहू शामिल हुए। डाठट पा्रचार्य डॉ केवी राव के मार्गदर्शन और काय्रक्रम प्रभारी केके वर्मा द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा के मुख्य अतिथि जिपं सभापति विप्लव साहू, पत्रकार दिनेश साहू, पत्रकार नीलेश यादव शामिल हुए।

जिपं सभापति विप्लव साहू ने जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान के स्वयंसेवक और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही के स्वयंसेवकों के साथ कैरियर निर्माण व समाज सुधार को लेकरचर्चा किया। उन्होंने कहा कि सभी नवयुवकों को प्रिंट मीडिया व न्यूज़ प्रतिदिन अनिवार्य रूप से सुनना देखना चाहिए ताकि वो वर्तमान स्थितियो से अपडेट रहें। विप्लव साहू ने कहा कि आज कैरियर निर्माण के लिए बहुत सारा क्षेत्र हैं, कोई जरूरी नहीं कि शासकीय नौकरी ही कैरियर के लिए हो इसके अलावा भी बहुत सारे ऐसे क्षेत्र हैं जहॉ आप अपने करियर को एक नई उड़ान दे सकते हैं। राजनीति में आना क्यों जरुरी है सवाल पर विप्लव साहू ने कहा कि अच्छे लोगो का राजनीति नहीं करने से बुरे लोग हम पर राज करते है इसलिए राजनीति जरुरी है। उन्होने कैरियर निर्माण को लेकर मोटिवेट किया।

#### गॉव को प्लास्टिक मुक्त बनाएं युवा

पत्रकार दिनेश साहू ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन व प्लास्टिक मुक्त भारत की दिशा में नई पहल एनएसएस के स्वयंसेवकों को करने की आवश्यकता है। ग्रामीण क्षेत्र में शिविर लगा है तो प्रयास करें कि स्वच्छता और प्लास्टिक को लेकर के ग्रामीणों में जागरूकता फैलाएं। रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर 21 से 27 दिसंबर तक टेकापार कला में आयोजित है। शिविर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही के संयुक्त तत्वाधान में हो रहा है। इस दौरान सुनील शर्मा, डॉ रचना दत्त, डॉ मोनिका सिंह, रोमेश जंघेल, विद्याकांत महोबिया, डिंपल ठाकुर के अलावा डामेश्वर सिंह, अवनी झा, खिलेश्वरी वर्मा, त्रिलोक यादव, राजकुमार वर्मा, झनक यादव सहित मदुराकुही स्कूल के रासेयो कार्यक्रम अधिकारी महेश कुमार साहू उपस्थित थे।

## पूनम कॉलोनी में श्री साईं महोत्सव कल

**राजनांदगांव।** भगवान श्री शिव गजानन सांई मंदिर समिति द्वारा श्री सांई महोत्सव का आयोजन 28 दिसंबर को किया जा रहा है। यह आयोजन पूनम कॉलोनी स्थित मंदिर परिसर में होगा। कार्यक्रम की तैयारियां जारी है। समिति के पदाधिकारी व सदस्यों के अतिरिक्त कॉलोनीवासी इसमें जुटे हुए हैं। समिति के अध्यक्ष व पत्रकार कमलेश स्वर्णकार ने बताया कि गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रातः 9 बजे से देव पूजन आरंभ होगा। पंडित रघुनाथ महाराज, पंकज तिवारी एवं मोहन दुबे पूजन कार्य संपन्न करवाएंगे। सायं 4 बजे धुमाल, डीजे एवं बैंड बाजों के साथ धूमधाम से पालकी निकलेगी। शाम 7 बजे महाप्रसादी व भंडारा किया जाएगा। वहीं शाम 8 बजे से भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित होगी, जिसमें भजन गायक देवेंद्र गोस्वामी जी डोंगरगांव वाले प्रस्तुति देंगे।

## सुशासन दिवस पर नगर निगम ने गोष्ठी का किया आयोजन

# काव्य पाठ से कवियों ने दी अटल को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देश के पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस 25 दिसम्बर को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए नगर निगम द्वारा पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रायपुर, दुर्ग, भिलाई, नागपुर आदि जगहों से पधारे कवि, साहित्यकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, खुबचंद पारख, रमेश पटेल, सचिन बघेल, नीलू शर्मा, किशुन यदु व कलेक्टर डोमन सिंह, सीईओ अमित कुमार, आयुक्त अभिषेक गुप्ता, एसडीएम अरूण वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, पार्षदों, साहित्यकारों आदि की उपस्थिति में कवियों ने भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को कृतज्ञतापूर्वक याद करते हुए विभिन्न रसोद्रेक से पूरित एक से बढ़ कर एक काव्य रचनाओं का पाठ किया व उपस्थितों से वाह-वाही बटोरा।



### काव्य के साथ किया याद

भारत रत्न मा. अटल बिहारी बाजपेयी जी के तैल चित्र पर सांसद संतोष पाण्डे व आगत अतिथियों द्वारा माल्यापर्ण कर माँ वीणा वादिनी की याद करते हुए प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन में सर्व प्रथम रचना पाठ रायपुर से पधारे कवि मीर अली मीर ने अटल जी के समय देश में सडकों के बिछेजाल, पोखरण के परमाणु विस्फोट सहित कारगिल विजय का कमाल.. व संयुक्त राष्ट्र संघ में हिन्दी में दिये गये भाषण सहित अन्य पहलुओ को छुते हुए अपनी काव्य रचना पढ़ी। कवि सम्मेलन ने बालोद के अखिलेश प्रसाद मिश्रा, आत्माराम कोसा, सरिता सरोज, वीरेन्द्र तिवारी, मनोज शुक्ला, प्रदीप पांडे आदि ने अपनी कविता का पाठ किया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

कवि सम्मेलन के पूर्व मनोहर यादव और उनके सहयोगी कलाकारों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अपने स्वागत भाषण में आयुक्त श्री गुप्ता ने अतिथियों, कवियो सहित उपस्थितजनों का स्वागत करते हुये कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, आज प्रातः शहर के प्रमुख स्थानों में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से श्रम दान कर स्वच्छता अभियान चलाया गया और संध्या में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

### हर वर्ग के लिए किया काम: मधुसूदन

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव यादव ने कहा कि आज उस व्यक्तित्व का जन्मदिवस है जिन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बनाकर हमे दिया।
अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में उन्होंने देश की उन्नति के साथ साथ हर वर्ग के लिये कार्य किया।

### देश में लाया सुराज: पांडे

मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद संतोष पांडे ने कहा कि भारत रत्न अटल जी प्रधानमंत्री के साथ साथ एक बहुत अच्छे लेखक, कवि, संपादक और वक्ता थे। देश में सुराज आया और गुड गवरनेस अटल जी ने दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री सड़क योजना लागू कर गांव गांव में सड़के बनवायी, उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि विरोधी भी उन्हें मानते थे, उन्होने दुनिया मे भारत की एक विशेष पहचान दिलायी।

# 'है तैयार हम' रैली में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता जाएंगे नागपुर

**राजनांदगांव।** कांग्रेस पार्टी के 139 वें स्थापना दिवस पर 28 दिसंबर को नागपुर में 'है तैयार हम' रैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में जिले से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।




उक्ताशय की जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार नागपुर में मनाये जा रहे कांग्रेस के 139 वे स्थापना दिवस हेतु राजनांदगांव जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता नागपुर जाएंगे। इस स्थापना दिवस को सफल बनाने हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ.चंदन यादव एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संगठन एवं प्रशासन प्रभारी मलकीत सिंह गेदु द्वारा राजनांदगांव जिले के विधायको, समस्त पदाधिकारियों, जन प्रतिनिधियों एवं कांग्रेसजनों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

### देश भर से लाखों कार्यकर्ता होंगे शामिल

श्री छाबडा ने कहा कि यह रैली लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज है, राष्ट्रीय स्तर की इस रैली में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी कार्यकर्ता लाखों की संख्या में शामिल होंगे, नागपुर की यह रैली देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद होगी। बढ़ती मंहगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में केन्द्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायत्ता पर हमला के विरोध में रैली आम आदमी की आवाज होगी। पत्रकारवार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू, रूपेश दुबे, अल्ताफ आलम, महेन्द्र यादव, आसिफ अली, अमित चन्द्रवंशी उपस्थित थे।

# जिले के बैंकों में पुलिस ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**राजनांदगांव।** जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में स्थित बैंकों का पुलिस ने आकास्मिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना, चौकी प्रभारियों को सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपने अपने थाना क्षेत्रों के समस्त बैंकों एवं एटीएम को चेक करने हेतु निर्देशित किया गया था।




### संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच

थाना कोतवाली, डोंगरगढ़, घुमका, ओपी चिचोला, ओपी सुरगी पुलिस द्वारा अपने दलबल के साथ बैंकों के आसपास एवं बैंकों के अंदर आंतरिक सुरक्षा एवं एटीएम को चेक किया गया। बैंकों के सुरक्षा के लिए लगाये गये उपकरण सी.सी.टी.व्ही कैमरे, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती, डबल लॉक की स्थिति, लॉकर और सुरक्षा अलार्म आदि को बारीकि से चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बैंक प्रबंधक को सीसीटीव्ही कैमरा एवं अलार्म सिस्टम को दुरुस्त रखने हेतु कहा गया साथ ही बैंक परिसर के अंदर एवं बाहर उपस्थित संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की गई।

# आचार्य के सानिध्य में मंदिर निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमवार को आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज की सानिध्य में जैन प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी दीपक भैया द्वारा गंज लाइन राजनांदगांव में स्थित दिगंबर जैन मंदिर नेमिनाथ भगवान के नए भव्य जिनालय हेतु भूमि शुद्ध एवं भूमि पूजन का मंगल कार्य विधि विधान से मांगलिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुआ।

दिगंबर जैन समाज के सूर्यकांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भूमिपूजन कार्य के लिए चयनित श्रावक श्रेष्ठ सौधर्म इंद्र बनकर रविकांत जैन, अशोक झांझरी ,पीसी जैन, सुदेश जैन, अमित जैन, नरेश जैन, सूर्यकांत जैन, अनिल बड़कुल, शिरीष जैन द्वारा मांगलिक क्रिया करते हुए प्रतिष्ठाचार्य जी के निर्देशन एवं आचार्य भगवान के सानिध्य अनुकंपा से मंगल कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। श्री जैन ने बताया कि उक्त अवसर पर श्वेतांबर जैन समाज के साधु श्रेष्ठ मनीष सागर जी महाराज का आगमन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के दर्शन एवं मंगल देशना सुनने दिगंबर जैन मंदिर प्रांगण में हुआ। उन्होंने आचार्य श्री के दर्शन करते हुए आचार्य श्री जी को एवं उनके व्यक्तित्व को अपनी प्रेरणा बताते हुए आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी से मार्गदर्शन एवं मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।



### विकार को करे दूर

आचार्य श्री ने कहा कि जब तक आपके अंदर के विकार दूर नहीं होंगे तब तक आप कितने ही भगवान के चरणों में बैठ ही जाए वह आपको भगवान बनाने वाले नहीं है ।देव शास्त्र और गुरु का जो उपदेश आपको प्राप्त हुआ है उस उपदेश को स्वीकार करना चाहिए ,जैसे एक मां अपने बालक को काला टीका इसलिए लगाती है जिससे उसकी खुद की ही नजर ना लग जाए ,अपने अंदर के विकारों को हटाने के लिए हमें अपने अंदर काला टीका लगाना पड़ेगा जिससे व्रत को दोष न लगे विकृति को हटाए बिना प्रकृति को प्राप्त नहीं कर सकते।

### कमजोर नहीं होना चाहिए पुरूषार्थ

आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि परोक्ष से प्रत्यक्ष की ओर जाने का पुरुषार्थ कमजोर नहीं होना चाहिए। एक बार पुरुषार्थ भले ही कमजोर हो कोई बाधा नहीं लेकिन वह सही दिशा की ओर हो यह महत्वपूर्ण है।आचार्य श्री ने दूध का उदाहरण देते हुए कहा कि जब आप दूध को देखते हो तो क्या इसमें घी है विश्वास करते हो ,लेकिन दूध में घी छिपा हुआ है लेकिन उसका दर्शन नहीं हो पाता। जब हम पुरुषार्थ करते हैं तो 12 घंटे नहीं निकल पाते की दूध के रूप में परिवर्तन दही के रूप में हो जाता है और नवनीत की उपलब्धि हो जाती है। अभी भी आपको घी के दर्शन नहीं हुए लेकिन जब उस नवनीत को तपाया जाता है तो उसमें जो विकार है वह दूर होते चले जाते हैं फिर आंख बंद भी कर लो तो उसकी गंध से ही सुगंधी दूर से ही महसूस हो जाती है।






## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी बने सचिन पायलट कार्यकर्ताओं में उत्साह



**कोलेगांव।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा विधायक सचिन पायल को कांग्रेस आलाकमान ने छत्तीसगढ़ कांग्रेस का कमान सौपा है, जिस पर प्रदेश कांग्रेस के युवाओं में तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी हर्ष व उत्साह का माहौल बना हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार सचिन पायल के छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी बनने पर प्रदेश के साथ-साथ जिले के युवाओं इसका लाभ प्रदेश कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मिलेगा, श्री पायलट की अगवाई में विपक्ष की भूमिका दमदारी। इस दौरान आनंद सिंह ठाकुर, उतरा दिवाकर, उत्तर चंद्राकर, पवन शर्मा, दिनेश पांडेय, सूरज यादव, कौशल चंद्राकर, लाला चंद्रवंशी, शिवकुमार चौहान, भरत साहू, रामातार सिंगरौल, रामायण वैष्णव, लक्ष्मण यादव, हेमलाल यादव, लखन सिंगरौल, राजेश चंद्रवंशी, झमन चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, मुकेश ठाकुर, नकुल सिंह चौहान, गुरुनंद गोस्वामी सहित कार्यकर्ताओं ने बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### नागपुर में कांग्रेस की विशाल रैली व स्थापना दिवस 28 दिसम्बर को

**कवर्धा।** कवर्धा कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों में जानकारी देते हुए बताया कि देश की आजादी एवं विकास के कार्य में भाग लेने वाली विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक देश की सबसे पुरानी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी है, कांग्रेस स्थापना दिवस को प्रदेश के सभी जिला, शहर, नगर, ब्लॉक मुख्यालय सहित प्रत्येक मतदान केंद्र में प्राप्त 9 बजे पार्टी का झंडा फहराते कर हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 28 दिसंबर को नागपुर में दोपहर 2 बजे कांग्रेस पार्टी के द्वारा विशाल रैली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें यह रैली लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज, राष्ट्रीय स्तर की इस रैली में देशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी, कार्यकर्ता लाखों की संख्या में शामिल होंगे। जिसमें छत्तीसगढ़ से भी हजारों की संख्या में सभी जिलों से कार्यकर्ता शामिल होंगें, नागपुर की यह रैली देश की राजनीति में परिवर्तन का शंखनाद होगी, बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में केंद्र की भाजपा सरकार की विफलता, संवैधानिक संस्थाओं की स्वायता पर हमला के विरोध में यह रैली आम आदमी की आवाज होगी। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

#### जिला दण्डाधिकारी ने भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों शीघ्रता से निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने एसडीएम की अध्यक्षता में पलायन रोकने व कमेटी बनाने दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के आदिवासी एवं विशेष पिछड़ी जाति बैगा बाहुल्य पंडरिया एंव बोडला विकासखण्ड स्तर पर बैगा गावों में से लगातार आ रही पलायान की शिकायतों को बेहद गंभीरता से लिया। जिस पर कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बैगा बाहूल्य गांवों सहित मैदानी गांवों में पंचायत स्तर पर होने वाले पलायन पंजी को संधारित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ऐसे गावों के लिए एसडीएम के अध्यक्षता में श्रम विभाग, महिला एंव बाल विकास विभाग के बाल सरंक्षण अधिकारी और स्थानीय स्तर पर शासकीय सेवकों तथा स्थानीय जनप्रतिनधियों की एक कमेटी बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एक सप्ताह के भीतर विस्तृत सर्वे रिपोर्ट अपर कलेक्टर कार्यालय में प्रस्तुत करने के लिए कहा है। कलेक्टर ने जिला पंचायत में ग्रामवार मनरेगा के तहत रोजगार मूलक स्वीकृत कार्यों एवं नए कार्यों की मांग पत्र भी जनपद स्तर से मंगाने के निर्देश दिए।

श्री महोबे ने मंगलवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होने समय-सीमा में लंबित एक-एक प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की और शीघ्रता से सभी लंबित प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सड़क, सिचाई परियाजना सहित अन्य निर्माण कार्यों के लंबित भू-अर्जन प्रकरणों को एसडीएम स्तर पर शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में वर्ष 2024-25 के लिए विकास योजना तैयार करने के लिए जिला योजना सांख्यिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने समस्त जला स्तरीय अधिकारियों को शीघ्रता से जानकारी उपलब्ध कराने के लिए भी कहा है।

#### मौसमी बीमारियों व जन-जागरूकता संदेश देने के निर्देश दिए



कलेक्टर ने बैठक में मौसमी बीमारियों के रोकथाम और कोविड़-19 कोरोना वायरस के प्रभावी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तर पर तैयारियों की समीक्षा भी की। यहां बताया गया कि जिला अस्पताल में अलग से 20 बेड की आईसीयू वार्ड तैयार कर लिया गया है, इसके अलावा अन्य सारी सुविधाएं भी तैयार है। फिलहाल जिले में एक भी केस सामने नहीं आया है। सीएमएचओं डॉ सुजॉय मुखर्जी ने बताया कि जिला अस्पताल में आने वाले सर्दी, खांसी के मरीजों की संख्या बढ रहीं है। कोविड-19 के नए वैरियंट को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है। जिला अस्पताल में कोरोना के इलाज के लिए सभी तैयारी पूर्ण है, अस्पताल में चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ की तीन शिफ्ट में डयूटी लगाई गई है। कोरोना के नियंत्रण के लिए मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य अमलें को निर्देशित किया गया है। आईसीयू बेड में ऑक्सीजन सहित सभी आवश्यक सुविधा मौजूद है। इसके अलावा स्व. श्रीमती सुधा देवी धर्मशाला में 40 ऑक्सीजन सुविधायुक्त बेड तैयार है। जिले में सभी स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओंए मितानिनों एवं ऑगनबाडी कार्यकर्ताओं को जनता में आवश्यक एहतियात बरतने तथा सतर्क रहने तथा कोरोना के लक्षण दिखने पर तत्काल सूचित करने निर्देश दिए गए है। उन

# भाटकुंडेरा में मड़ई- मेला कार्यक्रम आयोजित

- मड़ई-मेला में भारी संख्या में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



सहसपुर लोहारा ब्लॉक क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत भाटकुंडेरा में सोमवार को मातर मड़ई-मेला कार्यक्रम का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें यादव समाज द्वारा शाम होते ही शानदार भव्य साज-सज्जा परंपरानुसार बाजा-गाजा के साथ नगर भ्रमण करते जहां यादव समाज द्वारा दोहा व गीत के धून में नाचते-गाते नजर आएं। वहीं हजारों की संख्या में आसपास क्षेत्र से आए ग्रामीणों द्वारा मड़ई-मेला का आनंद लिया व जमकर मड़ई-मेला में खरीददारी की गई। इस मड़ई मेला के आयोजन से आसपास क्षेत्र के यादव समाज व ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल देखते ही बन रहा था।

## सिंघनपुरी में अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती धूमधाम से मनी



**हरिभूमि बरबसपुर।** विकासखंड कवर्धा के ग्राम पंचायत सिंघनपुरी में अटल चौक का रंग-रोगन कर शहर सहित पूरे प्रदेश भर में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सुशासन दिवस के रूप में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में केंद्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में पूर्व प्रधानमंत्री के स्मृति में प्रदेश की प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रमुख चौंक-चौराहों में अटल चक्र का निर्माण कर उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। जो पांच वर्षों तक सत्ता परिवर्तन के कारण अटल चक्र के रंग-रोगन व सुधार-मरम्मत कर स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद सोमवार जयंती को सुशासन दिवस के रूप में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राम पटेल, लोचन पटेल, शिलीप यादव, रतन राजेश, रतनू

# दामापुर चौंकी-थाना पुलिस टीम ने चलाया जन-जागरूकता



हरिभूमि न्यूज ⏭कुण्डा

जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर तथा थाना प्रभारी कुण्डा निरीक्षक कार्तिकेश्वर जांगड़े द्वारा ग्राम दामापुर में पुलिस जन-चौपाल सोमवार को लगाया गया।

जहां उपस्थित ग्रामवासियों को गांव-गांव को अपराध व नशा मुक्त बनाने, बच्चों को शिक्षित करने, वर्तमान में हो रहे अपराधों के प्रति जन-जागरूकता व साइबर क्राइम के संबंध में केवाईसी अपडेट, लुभावने ऑफर के लिंक को क्लिक न करने व किसी भी को मोबाईल का ओटीपी शेयर न करने गांव-गांव में सोना, चांदी चमकने वाले व्यक्तियों एवं फेरी लगाने वाले तथा अपराधिक संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने वहीं अवैध शराब, सट्टा-पट्टी, जुआ में पूर्णता रोक लगाने हेतु पुलिस को सूचना देने उपस्थित ग्रामवासियों, सरपंच व कोटवार एवं जनप्रतिनिधियों को आवश्यक जानकारी दिया गया।

पुलिस जन-चौपाल कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि गण, क्षेत्रवासी सहित बड़ीं संख्या में महिला-पुरुष तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें।



# दिल्ली पब्लिक स्कूल में बाल आनंद मेला कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा-महाराजपुर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में बाल आनंद मेला का आयोजन शुक्रवार को किया गया।

जिसमें शाला स्तरीय बाल क्रीड़ा उत्सव के समाप्ति बाद मनाया गया जिसमें शाला विद्यार्थियों ने बाल क्रीड़ा महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं दूसरे दिन बाल आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें नन्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का स्टॉल लगाकर आनंद व लुफ्त उठाया। इस बीच विद्यालय पहुंचे पालकों ने बाल आनंद मेला की सराहना की। इस बाल आनंद मेला में विविध प्रकार के स्वादिष्ट मिठाई, झूला साथ ही साथ अनेक प्रकार के व्यंजनों ने पालकों का मनमोह लिया।

यह कार्यक्रम संस्था के शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राओं के अथक प्रयासों ने आनंद बाल मेला का सफल आयोजन किया गया। जिस पर संस्था के प्राचार्य एन राजेश कुमार व उप प्राचार्य अभय सिंह ने पाल्यों के साथ-साथ विद्यालय पहुंचे पालकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए क्रिसमस व नववर्ष की बधाईयां व शुभकामनाएं दी।

# पिपरिया महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने वीर बाल दिवस मनाया

- विजयी प्रतिभागी को पुरूस्कार देकर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया



पिपरिया स्थित महंत श्रीराम-जानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में मंगलवार को शासन-प्रशासन के आदेशानुसार गुरु गोविंद सिंह के वीर सपूत साहेब जादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के शहादत की याद में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रमों जैसे प्रश्नोतरी, भाषण, चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राएं बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सत्येन्द्र चंद्रवंशी ने की, उन्होने यादकर उनकी शहादत पर प्रकाश डाला गया एवं छात्र-छात्राओं को अपने धर्म संस्कृति एवं राष्ट्र भक्ति के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के जेपी साहू, जीवन सिंह मरकाम, अभिजीत केशरवानी एवं एनएसएस के समस्त छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें। वहीं उपस्थित अतिथियों द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। जिस पर छात्र-छात्राएं पुरस्कार पाकर भारी उत्साहित नजर आएं, इस दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं व गणमान्य नागरिक सहित ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे श्री तिवारी

**हरिभूमि कवर्धा।** भारत सरकार एवं राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीरधाम जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी जनपद पंचायतों के अतर्गत कलस्टर बनाकर ग्राम स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के केन्द्रीय संयुक्त सचिव मयंक तिवारी जिले के सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के ग्राम ओडिया कला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल होंगे एवं जिले में आयोजित होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा और भारत सरकार द्वारा संचालित होने वाले जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा भी करेंगे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने जिले स्तरीय अधिकारियों एवं अनुविभागीय स्तर के अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित होने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 होना है। अभी तक विभिन्न ग्राम पंचायतो में 50 शिविरों का आयोजन हो चुका है जिसमे हजारो ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। आगामी दिनों में जिले के सभी ग्राम पंचायत में यात्रा का आयोजन होगा जिसमें योजना से लोगों को लाभ देने का सिलसिला अनारावत जारी रहेगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों को उनके अपने गावं में शासकीय योजनाओ का लाभ मिल रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए शिविर से जहां स्वास्थय परिक्षण निःशुल्क हो रहा है, तो वही आयुष्मान कार्ड बनाकर ग्रामीण परिवारों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी तरह उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, जैसे अनेक योजनाओं से ग्रामीण सीधे लाभान्वित हो रहे हें।

# आरपीएस में तीन दिवसीय वार्षिकोत्स कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



प्रतिवर्षोनुसार की भांति इस वर्ष भी बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए प्रतिबद्ध श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा का वार्षिक उत्सव-हजयंकार का तीन दिवसीय शानदार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के प्रथम दिवस कक्षा नर्सरी से कक्षा -1लीं तक के बच्चों की प्रस्तुति जिनमें बच्चों ने फिल्मी गीतो, देश भक्ति गीतो, बार्वी व पंचतंत्र के नाटको को प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे दिवस कक्षा 2रीं से 6वीं तक की प्रस्तुति में बीहू डांस, रैन डांस, माता की आरधना व प्रभू राम की भक्ति से समूचा जनसैलाब से सराबोर हो गया। इस दिवस बच्चों पर केन्द्रित ड्रामा चाइल्ड लेबर को लोगो ने खुब सराहना की। वही तीसरे दिवस की प्रस्तुति बिल्कुल भाव-विभोर कर देने वाली थी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला वन मंडलाधिकारी चुडामणि सिंह, अध्यक्षता डॉ पीपी चन्द्रवंशी विशिष्ट अतिथि, जगतारण डहरिया, बसंत यादव, डॉ आदित्य चंद्रवंशी उपस्थित थें। वहीं कक्षा 10 वीं के टापर्स धनराज डहरिया, राशि यादव व मानवेन्द्र धुर्वे को क्रमशः 12 हजार, 10 हजार व 8 हजार का चेक प्रदान किया गया साथ ही शत- प्रतिशत उपस्थिती हेतु सावित्री श्रीवास व विभिन्न नेशनल व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल कुल 60 से अधिक खिलाडियों का सम्मान किया गया।

#### योजना के स्वयं सेवकों को किशोर-न्याय अधिनियम 2015 के बारे में जानकारी दी

# राजानवागांव में जन-जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अमरौड़ी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवागांव में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन वात्सल्य अंतर्गत चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 जिला बाल संरक्षण इकाई महिला टीम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को किशोर-न्याय अधिनियम 2015 के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई। जिला बाल संरक्षण अधिकारी सत्यनारायण राठौर ने किशोर न्याय अधिनियम 2015 के बारे में बताते हुए सुनिश्चित करने में सभी राज्य पक्षकारों द्वारा पालन किया जाना है। जिसमें 11 दिसम्बर 1992 को अंगीकार किया था और विधि का उल्लंघन करने के अभि-कथित और उल्लंघन करते पाए जाने वाले बालकों तथा देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले बालकों के लिए बालक के अधिकारों से संबंधित अभि समय किशोर न्याय के प्रशासन के लिए संयुक्त राष्ट्र मानक न्यूनतम नियम, 1985 (बीजिंग) नियम अपनी स्वतंत्रता से वंचित संयुक्त राष्ट्र किशोर संरक्षण नियम 1990 बालक संरक्षण व अंतरदेशीय दत्तक ग्रहण की बाबत सहयोग संबंधी हेग कन्वेंशन 1993 तथा अन्य संबंधित अंतर्राष्ट्रीय लिखतों में विहित मानकों को ध्यान में रखते हुए व्यापक उपबंध करने के लिए किशोर न्याय बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम, 2000 को पुनः अधि नियमित करना समीचीन है। परियोजना समन्वयक महेश निर्मलकर ने बताया कि चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 राष्ट्रीय इमरजेंसी 24 घंटे चलने वाली निःशुल्क फोन आउटरीच सेवा है ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की जरूरत है, कोई भी अनाथ, बेसहारा, लावारिस, घुमंतु, गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह से संबंधित बच्चों की सुरक्षा के लिए एवं मदद के लिए निःशुल्क नंबर 1098 पर फोन कर सकते हैं। स्वागत भाषण सुजीत गुप्ता प्रभारी प्राचार्य कार्यक्रम आधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया। इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में पदाधिकारी व गणमान्य नगारिक तथा स्वयंसेवक सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

घर बैठे लोन पायें
• LOW INTEREST RATE •
बिजनेस लोन पर्सनल लोन होम लोन कार लोन कॉलेज लोन
LOW PROCESSING FEE
लोन लेने के लिए आज ही ITR बनवायें
मात्र- 499/-
ITR GST
कारगिल चौक, सुन्दर नगर, रायपुर (छ.ग.), मो. 9343916614

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
L4-L5 नशों में दबाव
9406004581
7869048192

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### बागेश्वरधाम आयोजन समिति की बैठक

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज बागेश्वरधाम सरकार के सानिध्य मे हनुमान कथा आयोजन समिति की बैठक ली। कलेक्टर श्री महोबे ने आयोजन समिति को जिला प्रशासन का हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। बैठक मे बताया गया कि 28 जनवरी से 30 जनवरी तक कवर्धा की पावन धरा पर श्री बागेश्वरधाम सरकार के सानिध्य मे श्री हनुमान कथा आयोजन किया जायेगा। बैठक मे पीसी कोरी, डॉ. मोनिका कौडौ, डिप्टी कलेक्टर सुश्री आकांक्षा नायक, संदीप अग्रवाल,दिलीप अग्रवाल, शुभम अग्रवाल उपस्थित थे।

### रमन सिंह के गांव में मना सुशासन दिवस



**स.लोहारा।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर ग्राम पंचायत रामपुर में सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें ग्रामीणों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पंचगण सहित गांव के गणमान्य नागरिक सुदेश सिंह, सीताराम साहू, नरोत्तम साहू, भोला, पलटन, दिनेश, तुलाराम एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### 31 दिसंबर तक कराएं फसल बीमा

**कवर्धा।** वर्ष 2023-24 के रबी फसल और उद्यानिकी फसलों के लिए पीएम फसल बीमा की अंतिम तारीख 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। इस योजना में किसानों को प्राकृतिक आपदाओं व रोगों के कारण किसी भी अधिसूचित फसल के नष्ट होने पर किसानों को वित्तीय सहायता दी जाती है, जिससे प्राकृतिक आपदा के वर्षों में कृषि आय को स्थिर रख सकें।

# कलेक्टर ने जिले के तीन होनहार दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सम्मानित

- दिल्ली मे आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम मे दिव्यांग खिलाडियों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज कबीरधाम जिले के 3 दिव्यांग खिलाडियों को सम्मानित किया। कबीरधाम जिले के दिव्यांग खिलाड़ियों के द्वारा जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली मे आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम 10 से 17 दिसंबर 2023 तक आयोजित की गई थी।

इसी तारतम्य में जिले के 2 दिव्यांग खिलाड़ी एवं कोच दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम प्रतियोगिता में शामिल हुए थे, जिन्होंने अपना बेहतर प्रदर्शन कर जिले को 2 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक कुल 04 पदक प्राप्त कर कबीरधाम जिले को गौरवान्वित किया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा ने बताया की जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम दिल्ली में आयोजित खेलो इंडिया पैरा गेम 2023 में कबीरधाम जिले के सुखनंदन निषाद एवं छोटी मेहरा को स्वर्ण पदक मिला।

उन्होंने बताया कि 10 से 17 दिसम्बर 2023 को प्रथम खेलो इंडिया गेम 2023 का आयोजन भारत सरकार के खेल विभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 7 खेल शामिल थे। छतीसगढ़ से एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 5 दिव्यांग खिलाडी शामिल हुए थे। जिसमे कबीरधाम से 2 खिलाड़ियों का चयन किया गया था। इस खेल में कबीरधाम की छोटी मेहरा ने गोला फेक प्रतियोगिता में एक स्वर्ण पदक एवं एक रजत पदक कुल 02 पदक प्राप्त किया एवं सुखनंदन निषाद ने 100 मीटर दौड में एक स्वर्ण पदक एवं लांग जम्प प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया।

इन दोनों खिलाड़ियों ने छत्तीसगढ़ के लिए कुल 04 पदक जीत कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस अवसर पर कोच समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्रीमती अभिलाषा पंडा सहित अधिकारी उपस्थित थे।



### दिव्यांग खिलाड़ियों ने कई मेडल किए अपने नाम

उल्लेखनीय है की हॉल ही में 22 से 24 दिसम्बर 2023 को रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम रायपुर में आयोजित 14 राज्य स्तरीय पैरा खेल में इन दोनों खिलाड़ियों ने कुल 04 स्वर्ण पदक प्राप्त किये साथ ही कबीरधाम जिले की दिव्यांग खिलाडी हुलशी मरकाम ने लांग जम्प,100 मीटर दौड़ एवं गोला फेक में स्वर्ण पदक सहित कुल 03 पदक, खिलेश्वर पटेल ने लांग जम्प, 100 मीटर दौंड में 02 स्वर्ण पदक प्राप्त किए है।इस प्रकार इन 04 खिलाड़ियों ने कबीरधाम के लिए कुल 09 स्वर्ण पदक दिलाया।

**नुकसान:** आग लगने का कारण अज्ञात, पीड़ित किसानों को नुकसान

# नब्बे एकड़ में लगी गन्ना फसल आगे की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/पाण्डातराई

पाण्डातराई क्षेत्र के ग्राम धनेली, मोहतरा तथा भगतपुर खार में मंगलवार की शाम एक गन्ना खेत में अचानक आग लग गई। बताया जाता है कि गन्ना खेत में लगी आग इतनी भीषण थी कि इसकी चपेट में आई करीब 90 एकड़ में लगी गन्ना की पकी पकाई फसल प्रभावित हो गई।

जिससे आधा दर्जन से अधिक पीड़ित किसानो को भारी नुकसान का अंदेशा जताया जा रहा है। आग लगने की की सूचना के बाद इस पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए गए है। खेत में आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 3.00 बजे पाण्डतराई क्षेत्र के ग्राम ग्राम धनेली, मोहतरा तथा भगतपुर खार गन्ने के खेत में अचानक आग लग गई।

खेत से आग की लपटे उठते देख आसपास मौजूद किसानो ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए। इस बीच दमकल अमले को भी घटना की सूचना दी गई। लेकिन किसानो ने की माने तो आग पर काबू पाने के कोई प्रयास किए जाते गन्ना के सूखे पत्तों में अंदर ही अंदर आग इतनी तेजी से फैली की उसने देखते ही देखते करीब 90 एकड़ में लगी गन्ना की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। इस अग्नि दुर्घटना में ग्राम मोहतरा के गन्ना उत्पादक किसान रूपेश चन्द्रवंशी, यशवंत चन्द्रवंशी, बद्री चन्द्रवंशी, रोहित चन्द्रवंशी, भगतपुर के किसान, गोकुल साहू, जयराम साहू, फागू साहू तथा ग्राम धनेली के किसान सुखीराम साहू एवं रामरूवरूप साहू की पकी पकाई फसल प्रभावित हुई है।



### शार्ट सर्किट बनी आग लगने का कारण

पीड़ित किसानो के मुताबिक गन्ना खेतों में आग शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी से भड़की है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के ग्रामीण अंचलों की खस्ताहाल विद्युत व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति के वर्षों पूर्व खींचे गए खस्ताहाल और जर्जर हाई वोल्टेज तारों के चलते आए दिन इस तरह की अग्नी दुर्घटनाएं सामने आते रहती है और किसानो व लोगों को नुकसान उठाना पड़ता है। लेकिन विभाग ऐसी दुर्घटनाओं पर गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

# चिल्फीघाटी कोहरे की चपेट में, आवागमन में परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/चिल्फीघाटी

जिले के वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी गुजरने वाली नेशनल हाईवे 30 वैसे भी आवागमन के लिहाज से बेहद संवेदनशील और खतरनाक मोना जाता है। चिल्फीघाटी के पहाड़ी व घुमावदार रास्ते कब किसे चकमा दे जाए और कब किसकी जान पर भारी पड़ जाएं यह कह पाना पड़ा मुस्किल है। ऐसे में दिसम्बर माह के अंत में पड़ रहा कड़ाके की ठंड के बीच घाटी में कोहरा नई परेशानी खड़ी कर रहा है। बताया जाता है कि यहां लगातार लुड़क रहे पारा के और कड़ाके की ठंड के बीच पूरी घाटी शाम ढलने के साथ ही कोहरा की आखोश में जमा रही है और यह स्थिति भोर फटने के बाद सूर्योदय तक ऐसी ही बनी रहती है। ऐसे में सबसे ज्यादा परेशानी उन वाहन चालकों को हो रही है जो नेशनल हाईवे में सफर करते हैं। वाहन चालकों की माने तो पहले से खतरनाक इस मार्ग में कोहरा के चलते आवागमन करना बेहद कठिन हो गया है। वाहनो की रफ्तार बेहद धीमी हो गई।

### बढ़ी सड़क दुर्घटना की आशंका

सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील इस वनांचल क्षेत्र चिल्फीघाटी में कोहरा बढ़ने के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका और ज्यादा बढ़ गई। संभवतः यही वजह है कि ऐसी स्थिति में वाहन चालक बेहद संभलकर अपनी यात्रा कर रहे हैं। माना जा रहा है अभी आने वाले कुछ दिनो तक और लोगों को ऐसी ही परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

# गौरकापा शनिधाम में धूमधाम से मनाई गई दत्तात्रेय जयंती

- उप मुख्यमंत्री साव और धर्मजीत सिंह ने की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान

पंडरिया तहसील स्थित प्रसिद्ध धार्मिक आस्था केंद्र गौरकापा धाम में आज अगहन पूर्णिमा के पावन पर्व पर त्रिदेव स्वरूप भगवान दत्तात्रेय का जन्म महोत्सव प्रतिवर्षानुसार बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनया गया। इस अवसर पर यहां लोरमी के नव निर्वाचित विधायक प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुणसाव सहित तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने भी सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः की कामना के साथ मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया!इसके बाद दोनों वरिष्ठ राजनेताओं ने मंदिर के महंत थानापति विवेकगिरी महाराज को इस भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए साधुवाद देते हुए उनसे आशीर्वाद लिया। आज गौरकापा में एक ओर जहाँ भगवान दत्तात्रेय के जन्मोत्सव के चलते सैकड़ों की तादात में धार्मिक आस्था वाले श्रद्धालुओं की भीड़ थी वहीं सत्तापक्ष के दो कद्दावर राजनेताओं आने से भी बड़ी संख्या में आम जनता के अलावा पंडरिया, कुंडा, लोरमी मुंगेली और कवर्धा से आए भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही जिससे यहाँ का माहौल मेला जैसा दिखाई दे रहा था। डिप्टी सी एम के प्रवास के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी रखी गई थी। पुलिस कप्तान अभिषेक पल्लव सहित काफी संख्या में पुलिस दल तैनात था। उप मुख्यमंत्री बनने के बाद अंचल में श्री साव के प्रथम आगमन पर जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, लोरमी के तोखन साहू, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के गोपाल साहू, ठाकुर कल्याण सिंह, पंडरिया के वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप छाबड़ा, चंद्रकुमार सोनी, गजपाल साहू, अनुराग ठाकुर, पदमराज टण्डन, दिनेश मिश्रा, तुलस कश्यप, विकास पांडेय, शिवनंदन पांडेय, सुखदेव धुर्वे, कोमलगिर गोस्वामी, ठाकुर विक्रम सिंह बोड़तरा, गुरमीत सलूजा, हुकुम सिंह पीयूष ठाकुर सीताराम साहू राजेंद्र चंद्रवंशी, सौरभ सिंह, ठा. रीतेश सिंह, शीलू साहू सहित क्षेत्र के तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिश बाज़ी एवं फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।



## स.लोहारा महाविद्यालय में वीर बाल दिवस का भव्य आयोजन



**स लोहारा।** नगर के शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप से महिला संघ के अध्यक्ष अन्नपूर्णा साहू एवं विशिष्ट तिथि के रूप में वार्ड नंबर 01 सहसपुर लोहारा के पार्षद आशा पटवा उपस्थित थी। इस अवसर पर अतिथियों ने वीर बाल दिवस के अवसर पर विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि श्री गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह ने मरना स्वीकार किया लेकिन धर्म परिवर्तन नहीं किया। औरंगजेब ने 26 दिसंबर 1705 को आज ही के दिन शहीद जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह को जिंदा दीवारों में चुनवा दिया था। उन्होने कहा कि सभी विद्यार्थी आज के समय में मोबाइल लैपटॉप कंप्यूटर में व्यस्त रहते हैं सभी को उन दो वीर शहीदों से सीखना चाहिए कि मानव जीवन में कभी भी त्याग को नहीं त्यागना चाहिए। सत्य, धर्म, न्याय व देश की सुरक्षा के लिए अगर प्राण निछावर करना पड़े तो पीछे नहीं हटना चाहिए। हम सब मानव विकास, देश विकास एवं समाज विकास के लिए कटिबद्ध हैं वंदे मातरम, महाविद्यालय के एनएसएस वालंटियर, एनसीसी कैडेट्स एवं विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता निबंध प्रतियोगिता में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में आज नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, रानी दुर्गावती चौक कवर्धा में गुरू गोविन्द सिंह के चार पुत्रों की शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अनेक विधाएं जैसे विशेष सभाएं, निबन्ध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, एक्सटेम्पोर, वाद-विवाद, कविताएं, प्रदर्शनी में बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जसविन्दर बग्गा, अध्यक्षता सिक्ख समाज की व्याख्याता कुमारी स्मित कौर शामिल हुए। दोनों ने शहादत दिवस पर प्रकाश डालते हुए गुरू गोविन्द सिंह के चार सुपुत्रों की कहानी बच्चों को सुनाएं जिससे बच्चों में अपने-अपने धर्म के प्रति प्रेम व जिज्ञासा बड़ा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जसविन्दर बग्गा ने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि आज का दिन गुरु गोविंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की शहादत का दिन है, जिन्होंने मुगलों के दबाव और यातनाओं के बावजूद धर्म की निष्ठा नहीं छोड़ी, इस्लाम कबूल करने से दृढ़ता पूर्वक इनकार किया और मात्र छह और नौ वर्ष की आयु में शहादत को स्वीकार किया जिसके लिए उन्हें दीवार में चुनवा दिया गया। उन्होनें बताया कि जिस प्रकार सनातन की रक्षा के लिए गुरू परिवार ने अपना बलिदान दिया, उन्ही बलिदानों के कारण आज सनातन अक्षुण्ण है। श्री बग्गा ने बताया कि भारत के ऐसे गौरवशाली इतिहास को लोगों के सामने लाने का काम हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है और इसके लिए उनके प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूं। हम सभी को इस बात पर गर्व है कि देश दुनिया में साहिबजादों को याद रखने के लिए आज के दिन को वीर बाल दिवस के रूप में दिन मनाने का ऐलान किया गया है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य आरएल बारले ने दोनों अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए प्रतियोगिता में भाग लिए छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।




# सुशासन दिवस पर चलाया गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पूर्व प्रधानमंत्री पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय परिसर और सुधा देवी धर्मशाला के पास स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई किया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ महेश सूर्यवंशी, चिकित्सक, स्टॉफ, उपस्थित थे। इस अवसर पर लोगों को सुशासन का शपथ ग्रहण कराया गया।

**कार्यक्रम में 905 हितग्राहियों को दिया गया स्वास्थ्य लाभ**

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का उप संचालक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान रायपुर के उप संचालक डॉ. चैतन्य निगम राष्ट्रीय स्वास्थ्य संचालक के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के निरीक्षण के लिए 25 दिसंबर को सुबह कबीरधाम के प्रवास पर उपस्थित हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कवर्धा विकासखंड के ग्राम बरपेलाटोला और राम्हेपुर में सुबह और दोपहर को विकसित भारत संकल्प यात्रा के लोहारा विकासखंड के ग्राम राम्हेपुर का निरीक्षण किया गया। स्वास्थ्य विभाग से जिले में टीवी के मरीजों की स्क्रीनिंग टेस्ट और टीवी के मरीज को निश्चय मित्र कीट प्रदान किया गया। इस दौरान आयुष्मान कार्ड शिविर स्थल पर ही बनाकर वितरण किया गया। सिकल सेल की जांच कर पॉजिटिव व्यक्तियों को सिकल सेल में होने वाले दिक्कतों और खान-पान के संबंध में विस्तृत जानकारी बताया गया। जीवन शैली आधारित रोगन के रोकथाम और बचाव के लिए उच्च रक्तचाप, शुगर के विषय में जानकारी दिया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी, डीपीएम सृष्टि शर्मा सहित स्टाफ और चिकित्सक उपस्थित थे। शिविर में कुल पंजीयन 905 किया गया। जिसमें टीबी स्क्रीनिंग 90, रिफर 12 सिकल सेल जांच 105, पॉजिटिव 07 पाए गए। वहीं आयुष्मान कार्ड 78 लोगों को वितरित किए गए।



# टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मण्डल ने डीईओ से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी महेन्द्र गुप्ता से मुलाकात कर शिक्षक संवर्ग के उच्च परीक्षा व अन्य सेवा के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र अविलम्ब जारी करने की मांग कियाज्ञ एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी पत्र के अनुसार शैक्षणिक योग्यता बढ़ाने के लिए अनुमति के सम्बंध में शिक्षा संहिता में दिए गए निर्देश का उल्लेख करते हुए सत्र 2023-24 हेतु शिक्षकों से 30 जुलाई 2023 तक आवेदन स्वीकार किया गया, लेकिन अनापत्ति प्रमाण पत्र आज पर्यन्त तक जारी नहीं किया गया है, जबकि शिक्षा संहिता के अनुसार ही विगत 15 सितंबर तक अनापत्ति पत्र जारी किया जाना था। डीईओ ने एसोसिएशन के प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया है कि सहायक शिक्षकों का अनापत्ति प्रमाण पत्र एक हफ्ते में जारी कर दिया जाएगा। शिक्षकों का आवेदन संयुक्त संचालक कार्यालय दुर्ग प्रेषित किया गया है। व्याख्याताओं का आवेदन लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर में जमा किया गया था, जिसमें जिले के 54 व्याख्याता का अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी हो गया है। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, गोकुल जायसवाल, जगदीश साहू आदि उपस्थित थे।

